भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राजभाषा विभाग

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्याः 3395**

दिनांक 26.4.2000 को उत्तर के लिए

संसदीय राजभाषा समिति की सिफारिशें

**5. श्री बालकवि बैरागी :**

**गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

**क्या सरकार** ने संसदीय राजभाषा समिति की यह सिफारिश स्वीकार कर ली है कि अधीनस्थ कार्यालयों में अनुवाद संबंधी पदों पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अलग-अलग संवर्ग गठित किए जाएं ताकि उन्हें पदोन्नति के उचित अवसर प्राप्त हो सकें; और

) यदि हां, तो उक्त अनुशंसा को कार्यान्वित करने के लिए अब तक क्या कार्रवाई की गई है तथा इस संबंध में भविष्य के लिए क्या योजनाएं हैं ?

**उत्तर**

**ह राज्य मंत्री ( श्री आई0डी0 स्वामी )**

क) सरकार ने संसदीय राजभाषा समिति की सिफारिश इस संशोधन के साथ स्वीकार की है कि अधीनस्थ कार्यालयों में अनुवाद कार्य से जुड़े अधिकारियों/कर्मचारियों के संवर्ग का गठन जहां संभव हो वहां किया जाए तथा जहां संभव न हो वहां पदोन्नति के लिए अन्य प्रकार से व्यवस्था की जाए ।

(ख) संसदीय राजभाषा समिति की यह सिफारिश राजभाषा विभाग द्वारा 30 दिसम्बर, 1998 को संकल्प के रूप में परिचालित की गई थी । राजभाषा विभाग के दिनांक 13 नवम्बर, 1990 के कार्यालय ज्ञापन द्वारा इस विषय में सभी मंत्रालयों/विभागों को निर्देश जारी किये गये थे ।

उपर्युक्त के परिप्रेक्ष्य में संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा कार्रवाई अपेक्षित है । इन निर्देशों के अनुपालन के लिए विभिन्न मंत्रालयों/विभागों को राजभाषा विभाग द्वारा समय-समय पर स्मरण दिलाया गया है ।

******

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE
**RAJYA SABHA**
**UNSTARRED QUESTION NO.3395**
TO BE ANSWERED ON 26.04.2000

# RECOMMENDATIONS OF PARLIAMENTARY COMMITTEE ON OFFICIAL LANGUAGE

**3395. SHRI BALKAVI BAIRAGI:**

Will the Minister of Home Affairs be pleased to state :

(a) whether Government have accepted the recommendations of the Parliamentary Committee on Official Language to the effect that separate cadres should be established for officers and employees of translation related posts in the subordinate offices so that they may get appropriate promotional opportunities; and

(b) if so, the action taken so far to implement the said recommendations and the future plans in this regard ?

**ANSWER**

**MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS ( SHRI I.D. SWAMI )**

(a) : Govt. has accepted the recommendations of the Parliamentary Committee on Official language, with the amendment that wherever it is possible, cadre of service for the employees entrusted with the translation work in subordinate offices should be constituted and where it is not possible alternative arrangements for their promotion should be made.

(b) : This recommendation of the Parliamentary Committee on Official Language was circulated by the Deptt. of Official Language on 30th December, 1988, in the form of a resolution. Directions on this subject were issued to all the Ministries/Departments by the Deptt. of Official Language, vide its O.M. dated 13th Nov.,1990.

In view of the above, action in this regard is required to be taken by the concerned Ministries/Departments. For the compliance of these directions various Ministries/Departments have been reminded by the Deptt. of Official Language from time to time.

******